# Order Sheet (subsequent)

**साहबलाल वगै० बनाम हनुमानलाल वगै०**

**क्लेम प्र० संख्या : 17 / 2023**

| Date | Order with initials of Presiding Officer |
|---|---|
| 16.02.2026 | प्रार्थीगण की ओर से अधिवक्ता श्री बृजेश नागर उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–1 व 2 श्री कृष्णकांत शर्मा व अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–03 श्री बालमुकंद खण्डेलवाल उपस्थित। <br> अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–3 की ओर से फर्द के साथ दस्तावेज पेश किये, शामिल मिसल रहे। <br> साक्ष्य अप्रार्थी क्रम–3 में गवाह एन.ए.डब्ल्यू.03..अमित कुमार मीणा के बयान लेखबद्ध किये गये, शामिल मिसल रहे। अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–3 (बीमा कंपनी) ने जाहिर किया कि जिला परिवहन अधिकारी दूदू (जयपुर) का न्यायालय जारीशुदा सम्मन दस्ती प्राप्त किया जाकर बीमा कंपनी के जयपुर कार्यालय में प्रेषित किया जा चुका है, जहाँ से उक्त गवाह के संबंध में कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अतः गवाह को पेश किये जाने हेतु अवसर दिये जाने का निवेदन किया। <br> हस्तगत प्रकरण में जिला परिवहन अधिकारी दूदू (जयपुर) का जारीशुदा सम्मन बाद अथवा अदम तामील में प्राप्त नहीं हुआ है। प्रकरण लक्षित प्रकरणों में शुमार है। अतः अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–3 (बीमा कंपनी) को अंतिम अवसर दिया जाकर निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर पर भी प्रयास किये जाकर उक्त गवाह जिला परिवहन अधिकारी दूदू (जयपुर) को आइंदा पेशी पर साक्ष्य हेतु आवश्यक रूप से उपस्थित रखा जावे। <br> पत्रावली वास्ते इंतजार सम्मन/साक्ष्य अप्रार्थी क्रम–3 दिनांक 23.02.2026 को पेश हो। <br> सत्य... टेलर <br> न्यायाधीश ... दुर्घटना दावा <br> अधिकरण, बारां (राज.) |